Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **ब्यावर में सैक्टर सुपरवाईजर सैक्टर कानुजा तहसील रायपुर 1500/–रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 17 जुलाई, गुरूवार । ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी अजमेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी चेतन सिंह सैक्टर हैल्थ सुपरवाईजर सैक्टर कानुजा ब्लॉक रायपुर स्वास्थ्य एंव चिकित्सा विभाग जिला ब्यावर को परिवादिया के राजस्थान सरकार के ऑनलाईन पॉर्टल आशा सॉफ्ट पर आशा क्लेम फार्म अपडेट करने की एवज में परिवादिया से 1500/– **रूपये** रिश्वत की मांग की जाकर आज दिनांक 17.07.2025 को परिवादिया से रिश्वत राशि 1500/– रूपये प्राप्त कर अपनी पहनी हुई पेन्ट की जेब में रिश्वत राशि 1500/– रूपये रखी जहां से रिश्वत राशि बरामद की गई।

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि एसीबी अजमेर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि आंगनबाड़ी केन्द्र भीला तहसील रायपुर जिला ब्यावर की आशा सहयोगिनी द्वारा किये गये कार्यो के बदले भुगतान हेतु राजस्थान सरकार की ऑनलाईन पॉर्टल आशा सॉफ्ट पर आशा क्लेम प्रपत्र ऑन लाईन अपलोड करने की एवज में सेक्टर सुपरवाईजर कानुजा श्री चेतन सिंह द्वारा 1500/– रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी अजमेर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी अजमेर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भागचन्द्र** के नेतृत्व में **पुलिस निरीक्षक श्रीमती मीरा बेनीवाल** ने आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी चेतन सिंह हैल्थ सुपरवाईजर सैक्टर कानुजा ब्लॉक रायपुर जिला ब्यावर (संविदाकर्मी) को 1500/– रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।